# जनपद शामली पुलिस

## --सोशल मीडिया सेल शामली--

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक-19.04.2025**

प्रेस नोट

थाना झिंझाना पुलिस व एसओजी शामली की संयुक्त कार्यवाही में गुमशुदा व्यक्ति की सकुशल बरामदगी करने व गुमशुदा व्यक्ति और उसके परिजनों के द्वारा बनायी गयी योजना का खुलासा किया गया।

दिनांक 15.04.525 को आजाद पुत्र अलीहसन निवासी ग्राम केरटू थाना झिंझाना जनपद शामली घर से पटनी परतापुर टोल प्लाजा पर जाने को बता कर गया था। जिसकी मोटरसाईकिल स्पलेन्डर बिना नम्बर वेदखेडी रोड के पास खडी मिली, जिसे पीआरवी की सूचना पर थाने लाया गया आजाद के परिजनो द्वारा तलाश करने पर कोई पता न चलने पर दिनांक 16.04.2025 को थाना झिंझाना पर गुमशुदगी दर्ज करायी गयी। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा उपरोक्त गुमशुदा व्यक्ति की शीघ्र बरामदगी हेतु टीमों का गठन किया गया था तथा गुमशुदा आजाद की बरामदगी न होने पर आजाद के भाई शहजाद पुत्र अलीहसन निवासी ग्राम केरटू थाना झिंझाना जनपद शामली के द्वारा दिनांक 17.04.2025 को आजाद के अपहरण किये जाने के सम्बन्ध में अपने गांव के नासिर, जावेद, जाबिर, परवेज पुत्रगण एजाज निवासी ग्राम केरटू थाना झिंझाना जनपद शामली के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया।

जिसके क्रम आज दिनांक 19.04.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार घटना के अनावरण एवं अपहृत की बरामदगी के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण मे थाना झिंझाना पुलिस व एसओजी शामली की संयुक्त कार्यवाही में को अपहृत आजाद पुत्र अलीहसन निवासी ग्राम केरटू थाना झिंझाना जनपद शामली को सकुशल बरामद किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण- आजाद पुत्र अलीहसन ने बताया कि मेरे गांव के नासिर पुत्र एजाज पर 8 लाख 60 हजार रुपये थे जिन्हे मैं बार बार मांग रहा था लेकिन यह वापस नही कर रहा था। मैंने अपने चाचा के लडके मेहरबान उर्फ नीला पुत्र ताहिर अंसारी निवासी ग्राम केरटू व अपने भाई शहजाद के साथ मिलकर योजना बनायी थी। कि मैं आज अपनी मोटरसाईकिल वेदखेडी रोड पर खडी करके अचानक गायब हो जाता हूँ। तो नासिर व उसके भाईयों के खिलाफ मुकदमा लिखे जाने पर ये लोग पुलिस के डर से मुझे रुपये वापस लौटा देगे। योजनानुसार मेरे भाई शहजाद ने थाना झिंझाना पर मेरे अपहरण किये जाने के सम्बन्ध मे दिनांक 17.04.2025 को मुकदमा पंजीकृत कराया और पुलिस मुकदमे में नामजद नासिर आदि से आजाद के अपरहण के सम्बन्ध में पूछताछ करने लगी। यह योजना मैने रुपये वापस लेने की वजह से बनायी थी।

गुमशुदा व्यक्ति का नाम पताः-

1.आजाद पुत्र अलीहसन निवासी ग्राम केरटू थाना झिंझाना जनपद शामली।

बरामद करने वाली पुलिस टीम -

1.प्रभारी निरीक्षक श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा थाना झिंझाना जनपद शामली।

2.उ0नि0 श्री अजयपाल सिंह थाना झिंझाना जनपद शामली।

3.उ0नि0 श्री कुलदीप सिंह एसओजी टीम जनपद शामली।

4.उ0नि0 श्री राहुल सिसौदिया एसओजी टीम जनपद शामली।

5.उ0नि0 श्री सचिन त्यागी थाना झिंझाना जनपद शामली।

6.हे0का0 संजीव जैनर थाना झिंझाना जनपद शामली।

7.है0का0 प्रदीप कुमार एसओजी टीम जनपद शामली।

8.का0 शिवम सोरान थाना झिंझाना जनपद शामली।

9.का0 दीपक निर्वाण एसओजी टीम जनपद शामली।

10.का0 राममूर्ति तेजा एसओजी टीम जनपद शामली।

11.का0 अनुज कुमार एसओजी टीम जनपद शामली।

12.का0 शादाब एसओजी टीम जनपद शामली।

**थाना थानाभवन पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत बकरा चोरी करने की घटना में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार,**

ज्ञात हो दिनाँक 13.12.2024 को वादी शौकीन पुत्र जरीफ निवासी मौहल्ला नयी घास मंडी कस्बा थाना थानाभवन जनपद शामली द्वारा बकरा चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर तहरीर दाखिल की थी। दाखिला तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

आज दिनांक 19.04.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल पर्यवेक्षण में थाना थानाभवन पुलिस द्वारा बकरा चोरी करने वाले 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.मोहसीन पुत्र रहीश निवासी मौहल्ला कोटला कस्बा जलालाबाद थाना थानाभवन जनपद शामली।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 पवन कुमार थाना थानाभवन जनपद शामली।

2.का0 शेखर थाना थानाभवन जनपद शामली।

3.का0 संदीप कुमार थाना थानाभवन जनपद शामली।




थाना कैराना पुलिस द्वारा 01 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से अवैध 150 ग्राम चरस व इलैक्ट्रानिक कांटा बरामदः-

आज दिनांक 19.04.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए गये मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कैराना पुलिस द्वारा 01 मादक पदार्थ तस्कर को अवैध 150 ग्राम चरस व इलैक्ट्रानिक कांटा सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.सन्नी पुत्र अजयपाल निवासी भावना चौक हनुमान मन्दिर पानीपत हरियाणा।

बरामदगी का विवरणः-

1.अवैध 150 ग्राम चरस।

2.एक इलैक्ट्रानिक कांटा।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 श्री राहुल देशवाल थाना कैराना जनपद शामली।

2.है0का0 पंकज कुमार थाना कैराना जनपद शामली।

3.का0 रामकुमार कुमार थाना कैराना जनपद शामली



थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध 10 लीटर कच्ची शराब बरामदः-

आज दिनांक 19.04.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार अवैध शराब के अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को अवैध 10 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार करने मे महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.राजपाल पुत्र जगवीरा निवासी ग्राम रज्जाकनगर थाना झिंझाना जनपद शामली।

बरामदगी का विवरणः-

1.अवैध 10 लीटर कच्ची शराब।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 राघवेन्द्र सिंह थाना झिंझाना जनपद शामली।

2.है0का0 अशोक कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।

3.हो0गा0 विनोद कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।




थाना झिंझाना पुलिस द्वारा नाबालिग को बहला फुसला कर ले जाने के मामलें में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तारः-

ज्ञात हो कि थाना झिंझाना क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने के सम्बन्ध में पीडिता के परिजन द्वारा दिनाँक 18.04.2025 को थाना झिंझाना पर लिखित तहरीर दी गयी थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

आज दिनांक 19.04.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.शिवम कुमार पुत्र राजेन्द्र कुमार निवासी ग्राम सलेमपुर चिलकाना रोड थाना सरसावा जनपद सहारनपुर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 श्री अरविन्द कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।

2.उ0नि0 श्री शिवबहादुर सिंह थाना झिंझाना जनपद शामली।




थाना आदर्शमंडी/बाबरी पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 02 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-

आज दिनांक 19.04.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना आदर्शमंडी/बाबरी पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 02 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में सम्बन्धित थानो पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त-

1.सतीश पुत्र सोहनवीर निवासी ग्राम सिक्का थाना आदर्श मंडी जनपद शामली।

2.कमल पुत्र भोपाल निवासी बन्तीखेडा थाना बाबरी जनपद शामली।





थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी से सम्बन्धित नगदी बरामदः-

ज्ञात हो कि दिनांक 21.03.2025 को वादी श्री सर्वेश पुत्र अनिल कुमार अपर अभियन्ता 33/11केवी विद्युत उपकेन्द्र ऊन झिंझाना जनपद शामली द्वारा विद्युत उपकेन्द्र से पोषित 33/11केवी लाइन के तार को चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर तहरीर दी थी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा चोरी की घटना में लिप्त अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रभारी थाना झिंझाना को निर्देशित किया गया था।

आज दिनांक 19.04.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध वाहन/व्यक्ति की चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को चोरी से सम्बन्धित 800 रुपये सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त:-

1.परवेज पुत्र अनवर निवासी भूरा थाना झिझाना जनपद शामली।

बरामदगी का विवरणः-

1.चोरी से सम्बन्धित 800 रुपये की नगदी बरामद।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 श्री राकेश कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।

2.है0का0 राजा बेनिवाल थाना झिंझाना जनपद शामली।

3.का0 निशान्त कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।

